हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 16 मई 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 शादी की खुशियों पर सड़क हादसों का कहर...



07 प्रशासन से सीख लेती नगर पालिका परिषद तो...



## खबर संक्षेप

### नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण को लेकर कांग्रेस निकालेगी मशाल जुलूस

**सागर।** नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण एवं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से हुए खिलवाड़ को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि मसाल जुलूस का आयोजन चकरा घाट से 16 मई शनिवार को शाम 6:00 बजे शुरू होगा और मसाल जुलूस कटरा जामा मस्जिद पर समापन होगा। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने सभी कांग्रेस जनों से शामिल होने की अपील की हैं ।

### जिला न्यायालय सागर में अनुपयोगी मोटर साईकिलों की नीलामी

**सागर।** जिला न्यायालय सागर के मालखाना में रखी 12 अनुपयोगी मोटरसाईकिलों की नीलामी 15 जून समय प्रातः 11 बजे से जिला न्यायालय सागर के मालखाना अनुभाग में खुली निविदा के माध्यम से की जाएगी। उक्त मोटरसाईकिलों की निष्प्रयोंजित राशि 48300 रूपये (जहां है जैसी स्थिति में है) निर्धारित की गई हैं। इच्छुक व्यक्ति अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जमा कर भाग ले सकते हैं। बैंक ड्राफ्ट अमानत राशि एवं नीलामी की अधिक जानकारी के लिये मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर की अधिकारिक बैवसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026, दावे आपत्तियां मांगी

**सागर।** नगरपालिकाओं एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 की तैयारी हेतु प्रकिया एवं मतदाता सूची तैयार कराने के लिए मध्य पदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार 15 मई से 25 मई निर्धारित केन्द्रों पर दावे आपत्तियाँ प्राप्त की जा रही है। आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायातों की मतदाता सूची के पर्यवेक्षण के लिए नियुक्त प्रेक्षक व्हीके चतुर्वेदी, राप्रसे (सेवानिवृत्त) से 26 मई तक जिले के भ्रमण पर रहेंगे। आपत्ति प्राप्ति केन्द्रों पर प्राधिकृत कर्मचारी प्रतिदिन कार्यालयीन समय के दौरान दावे आपत्ति प्राप्ति केन्द्रों पर उपस्थित रहकर दावे आपत्ति प्राप्ति का कार्य करेंगे। दावे आपत्ति आनलाईन भी प्रस्तुत की जा सकती हैं।

### सिंचाई परियोजना अंतर्गत ग्राम सलैया खुर्द में विस्थापन कार्रवाई प्रारंभ

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा विगत दिवस दिए निर्देशों के अनुपालन में बंडा बृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बंडा आरती यादव के नेतृत्व में तहसीलदार मोहित जैन, नायब तहसीलदार जीसी राय, राजस्व विभाग की टीम, सिंचाई विभाग, ईई अनिरुद्ध सिंह एवं पुलिस प्रशासन एसडीओपी प्रदीप बाल्मीकि द्वारा ग्राम सलैया खुर्द पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी गई थी तथा नियमानुसार सूचना प्रदान की गई थी। निर्देशों के पालन में राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन एवं डब्ल्यूआरडी की संयुक्त टीम द्वारा परियोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय भवनों को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं प्रशासनिक व्यवस्था के साथ संपन्न कराई गई। इसके साथ ही ग्राम में मार्च पास्ट कर ग्रामीणों को सूचित किया गया कि आगामी तीन दिवस के भीतर वे विस्थापन हेतु निर्धारित स्थानों पर अपना सामान स्थानांतरित कर ग्राम खाली करें, ताकि विस्थापन की संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराई जा सके। कार्यवाही के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित संबंधित विभागों का अमला उपस्थित रहा।

---

**जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने किया योजना का शुभारंभ**

# शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना युवाओं को सक्षम और आत्म विश्वासी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहलः विधायक जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना युवाओं को शारीरिक रूप से सक्षम और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उक्त विचार सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए।

मध्य प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों / पुलिस / होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर अवसर की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने हेतु पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा तैयार की गई नवीन योजना अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 का शुभारंभ रविन्द्र भवन सागर में जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पूर्व सैन्य अधिकारियों एवं प्रतिभागीय युवाओं की उपस्थित में हुआ।



शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के शुभारंभ अवसर पर सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि आने वाले भारत की तस्वीर यहां उपस्थित युवाओं में देखी जा सकती है। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार की ओर से उपस्थित प्रतिभागी युवाओं को इस योजना के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण युवाओं को शारीरिक रूप से सक्षम और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अनुभवी अधिकारियों के मार्गदर्शन में युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यू .पी. एस. भदौरिया केवल सेवानिवृत्त अधिकारी नहीं, बल्कि एक फील्ड मार्शल की तरह युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। मध्यप्रदेश सरकार हर युवा के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना के माध्यम से शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण सहित अन्य विभागों द्वारा प्रशिक्षण में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि होमगार्ड, पुलिस एवं अन्य विभागों में शारीरिक दक्षता आवश्यक होती है और यह प्रशिक्षण युवाओं के लिए बेहतर अवसर साबित होगा। शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के शुभारंभ अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाते हुए रोजगार से जोड़ने का कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इस योजना के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता हासिल करने के बाद युवा शारीरिक योग्यता आधारित नौकरियों में सफलता प्राप्त कर रोजगार से जुड़ सकेंगे।

पूर्व सैन्य अधिकारी यू.पी.एस. भदौरिया ने कहा कि पूर्व सैनिकों द्वारा युवक-युवतियों को प्रशिक्षण संबंधी पूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए सर्वप्रथम अनुशासन को प्राथमिकता देते हुए कहा कि अनुशासन आपकी प्राथमिकता होना चाहिए।

रजत सोनी ने कहा कि युवा-युवतियों को प्रशिक्षण के दौरान सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही पढ़ाई सामग्री एवं शारीरिक प्रशिक्षण की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से युवा-युवतियां न केवल सागर, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, सिटी मजिस्ट्रेट गगन विशेन, संयुक्त कलेक्टर विजय डेहरिया, जिला खेल अधिकारी प्रदीप अविन्द्रा, मनीष नेमा सहित अन्य जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं 45 दिन का प्रशिक्षण ले रहा है छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



## सड़क हादसे में घायल शिक्षकों की जान बचाने में 112 बनी सहारा, समय पर मिला उपचार

**सागर।** आपातकालीन स्थिति में डायल-112 सेवा एक बार फिर लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित हुई। क्वायल ब्रिज के पास हुए सड़क हादसे में पुलिस कंट्रोल रूम की त्वरित कार्यवाही एवं एफआरबी स्टाफ की तत्परता से घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया तथा परिजनों को तत्काल सूचना देकर उन्हें भी समय पर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्वायल ब्रिज के पास एक मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल एफआरबी क्रमांक-10 को मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंची एफआरबी टीम को कॉलर ने बताया कि वे लोग अपने गांव से बंडा तरफ शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक कमल सिंह गौड़ पिता गोकल सिंह गौड़ उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम बमनोरा, पेशे से शिक्षक, गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर से लेकर पैरों तक कई स्थानों पर गंभीर चोटें आईं तथा अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था। वहीं दूसरे घायल मनोज साहू को भी चोटें आईं। एफआरबी स्टाफ ने बिना समय गंवाए दोनों घायलों को तत्काल बंडा अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार प्रारंभ कराया गया। साथ ही पुलिस द्वारा घायलों के परिजनों को तत्काल सूचना दी गई, जिससे परिजन समय पर अस्पताल पहुंच सके। वहीं पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा सूचना मिलते ही तत्काल समन्वय स्थापित कर एफआरबी को मौके पर रवाना किया गया, जिससे घायलों को समय पर सहायता मिल सकी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता एवं मानवीय व्यवहार की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की गई।



## विश्वविद्यालयः वैली कैम्पस में एक हजार सीट की क्षमता का बनेगा भव्य कन्वेंशन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के वैली कैंपस में विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने भूमि पूजन कर कन्वेंशन सेंटर की आधार शिला रखी। भूमि पूजन में कुलसचिव डॉ. एस पी उपाध्याय भी उपस्थित थे। यह भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। गौरतलब है कि ग्राम पथरिया जाट स्थित वैली कैंपस में विश्व विद्यालय के विभिन्न अकादमिक भवनों का निर्माण कर परिसर को विस्तारित किया जा रहा है। अभी हाल ही में वाणिज्य भवन और आई टी भवन की आधार शिला रखी गई थी जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि आगामी समय में अन्य भवनों जैसे बालक-बालिका छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र आदि का भी निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में कई नवीन पाठ्य क्रमों के संचालन और कई नई इकाईयों और प्रकोष्ठों के स्थापित होने, विद्यार्थियों को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ अध्ययन-अध्यापन इत्यादि उद्देश्य से परिसर का विस्तार आवश्यक है। कुलसचिव डॉ. उपाध्याय ने बताया कि इस सेंटर की डिजाइन आधुनिक मानकों के अनुसार हैं। इसमें 500 सीट और 250-250 सीट के तीन बड़े कांफ्रेंस हाल होंगे जो आई टी सुविधाओं से युक्त होंगे। ये सभी नए भवन निर्धारित समय सीमा में बनकर तैयार होंगे और विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं के साथ उपयोग हेतु तैयार किये जायेंगे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के यंत्री राहुल गिरी गोस्वामी, सुहैल कुरैशी, निधि जैन, मीडिया अधिकारी डॉ. विवेक जायसवाल सहित अन्य कई शिक्षक और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 4 दिवसीय रक्तदान शिविर आज से, मानव सेवा के महा यज्ञ में सभी रक्तवीर आगे आएंः पूर्व गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने अपने सभी शुभचिंतकों, आमजनों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों से आग्रह किया है कि 16 मई से 19 मई को ग्रेंड दीपाली होटल के सिग्नेचर हाल में आयोजित चार दिवसीय रक्तदान शिविर में रक्तदान करके मानव सेवा के पुण्य कार्य में अपना योगदान दें। यह चार दिवसीय रक्तदान शिविर पूर्व गृहमंत्री मंत्री भूपेंद्र सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगातार 12 वें वर्ष आयोजित किया जा रहा है जिसका शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक एवं विभाग संघ चालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सागर विभाग डॉ. जी. एस. चैबे दीप प्रज्वलन के साथ करेंगे।

उल्लेखनीय है कि पूर्वमंत्री सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस तरह के आयोजन का यह बारह वर्ष है। विगत 11 वर्षों में आयोजित रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 13500 यूनिट रक्त एकत्र करके सागर जिले तथा विभिन्न ब्लड बैंकों को भेंट किया जा चुका है। अब तक लगभग 42 हजार जरुरतमंदो को ब्लड दिया गया, जिससे उनको नया जीवन मिला है। गत वर्ष के रक्तदान शिविर में ही 1700 से अधिक यूनिट रक्तदान किया गया जो रक्तदाताओं की उत्साहजनक भागीदारी का एक रिकॉर्ड है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बयान जारी कर कहा है कि रक्तदान मानवता, विज्ञान और राष्ट्र निर्माण से जुड़ा अभियान है, नौजवानों को इसे उत्सव की तरह मनाना चाहिए। इस बार भी हम मानवता के इस महाअभियान को पूरे सेवा भाव, सक्रियता, संकल्प और समर्पण भाव के साथ संचालित करेंगे।

उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों से सागर के बुंदेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में कभी रक्त की कमी नहीं रहती। इसका श्रेय इस शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को जाता है। रक्त बैंकों में हमेशा पर्याप्त रक्त का कोष व जरूरतमंदों को इसकी आपूर्ति बनी रहे, किसी एक की भी जान रक्त के अभाव में नहीं जा सके इसके लिए जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए ज्यादा से ज्यादा रक्तदाता आएं और अपना योगदान करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों की राय है कि रक्तदान करने से कई प्रकार के स्वास्थ्यगत लाभ होते हैं व नया रक्त बनने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बताया है कि एक सर्वे के अनुसार भारत में हर दो सेकंड में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है। एक बार किया गया रक्तदान तीन जिंदगियां बचा सकता है। जान के संकट से जूझ रहे मरीजों के लिए रक्तदाता आशा की किरण की भांति हैं। रक्तदान का सीधा संबंध किसी का जीवन बचाने से है। सिंह ने कहा कि हमारे जीवन की सार्थकता तभी है जब आप किसी के काम आ सकें। जब आप रक्तदान करते हैं तो आप एक व्यक्ति की जान बचाने के साथ-साथ उसके परिवार को बिखरने से भी बचाते हैं। मनुष्य की देह नश्वर है लेकिन उसके द्वारा किया गया रक्तदान किसी दूसरे शरीर में जीवन का अंश बन जाता है। ग्रैंड दीपाली होटल के सिग्नेचर हाल में 16, 17, 18 एवं 19 मई के चारों दिवस प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक रक्तदान के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ, पूरी चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ रक्तदान कराने हेतु उपस्थित रहेगा।



## छावनी परिषद् कैंट में कुश बोर्ड के अध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाहा का हुआ स्वागत

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन में मध्यप्रदेश कुश समाज कल्याण बोर्ड में अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण के उपरांत प्रभुदयाल कुशवाहा के प्रथम छावनी परिषद् आगमन पर छावनी परिषद् कैंट सागर के कर्मचारी गण द्वारा स्वागत किया गया। प्रभुदयाल कुशवाहा की नियुक्ति से सभी में हर्ष उल्लास का माहौल है। इस अवसर पर संदीप छाबड़ा कार्यालय अधीक्षक, संजय मिश्रा लेखपाल, मिलिंद सिंह उपयंत्री, राकेश पटेल अस्सिटेंट प्रोगामर, सोहित प्यासी स्वास्थ्य निरीक्षक, प्रदीप पटेल मानचित्रकर, विशाल बाथरे सीनियर क्लर्क, कृष्ण कुमार कोरी, ज्ञानेश महाजन, युगांश यादव, गुलशन यादव, शुभम मौर्य जूनियर क्लर्क, मोहम्मद इश्तियाक, कमलेश मोहर्रर, हिमांशु सिंह, रोताश मीना, राजदीप चौरे, अनुपम दुबे, साजिद मकरानी, भूपेंद्र अहिरवार कंप्यूटर ऑपरेटर, अभिषेक एवं छावनी परिषद सागर के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## प्रशासन ने रुकवाया नाबालिग का बाल विवाह समझाइश के बाद परिवार विवाह रोकने पर राजी

**खुरई।** टीहर गांव में प्रशासन ने एक नाबालिग लड़की का बाल विवाह रुकवा दिया है। चाइल्ड लाइन से मिली शिकायत के बाद पुलिस और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। गुरुवार रात खुरई शहरी थाना पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी वर्षा रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी टीहर गांव पहुंचे। टीम ने लड़की के दस्तावेजों की जांच की, जिसमें उसकी उम्र 16 वर्ष होने की पुष्टि हुई। शुरुआत में दोनों परिवार शादी रोकने को तैयार नहीं थे। इस पर टीम ने उन्हें बाल विवाह से होने वाले नुकसानों और संभावित कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। इसके बाद दोनों परिवार विवाह रोकने पर सहमत हो गए। अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कम उम्र में विवाह से बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत यह एक दंडनीय अपराध है। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी वर्षा रघुवंशी ने बताया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर एसडीएम से चर्चा के बाद एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। टीम ने मौके पर पहुंचकर बालिका के परिजनों को समझाया और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी की।

## खुरई के युवक ने ईमानदारी की मिशाल पेश की

**खुरई।** आज के समय में जहां लोग पैसा कमाने में बेईमानी की सारी हदें पार कर रहे हैं। दूसरा का पैसा और जमीन हड़पने के चक्कर में रहते हैं, यहां तक कि पेपर लीक तक करवा रहे हैं। ऐसे समय में भी कुछ इमानदार लोग मौजूद है। जो किसी लालच में नहीं आते। ऐसा ही एक मामला खुरई में देखने को आया। दरअसल बुधवार को एक अर्धविक्षिप्त व्यक्ति को एक थैला मिला तो उसने मंदिर में फेंक दिया। वह थैला दुबे ट्रेक्टर शोरुम पर काम करने वाले कोकलवारा निवासी रामकुमार यादव को मिला। थैला नोटों से भरा था। उसमें कुछ एलईडी बल्ब थे बल्ब के रेपर के आधार पर दुकानदार के पास जाकर पूछा तो थैले की जानकारी नहीं मिली। लेकिन जब थैला मालिक के बेटे पूछताछ करने दुकानदार के पास गये तो रामकुमार के पास भेज दिया। थैला वास्तव में उन्हीं का है इसकी पुष्टि करने के बाद रामकुमार यादव ने बिना लालच के उसका 75 हजार 700 रुपयों से भरा थैला वापिस कर इमानदारी की मिशाल पेश की। थैला बनहट गांव निवासी गोविंद कुशवाहा का था जो बाईक से वहां से निकलते तो गिर गया था।

---

**निगमायुक्त ने रात्रि 10 बजे कटरा बाजार का औचक निरीक्षण कर कचरा फैलाने वाले व्यापारियों पर जुर्माना कराया**

# स्वच्छ सर्वेक्षण की दृष्टि से स्वच्छता का एक भी पहलु नहीं छूटना चाहिए निगमकर्मी हों या नागरिक सभी का एक ही प्रयास हो सागर को नंबर-1 बनाना हैः निगमायुक्त खत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण की दृष्टि से स्वच्छता का एक भी पहलु नहीं छूटना चाहिए, निगमकर्मी हों या नागरिक हम सभी का एक ही प्रयास हो की ₹सागर को स्वच्छता में नंबर-1 बनाना है₹ उक्त प्रेरक शब्दों को निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने रात्रि 10 बजे कटरा बाजार का औचक निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनसमूह से कहे। निगमायुक्त गुरुवार को निगम सफाईमित्रों की टीम सहित अचानक कटरा बाजार के तीनबत्ती क्षेत्र में पहुँचे और सफाई व्यवस्था को बारीकी से परखा। उन्होंने म्युनिसिपल स्कूल के आसपास लगीं खानपान की दुकानों, चाट ठेलों, गन्ने के रस विक्रेता और आइसक्रीम विक्रेताओं का एक एक कर निरीक्षण किया गंदगी पाये जाने पर तत्काल उक्त दुकानदार से स्वयं सफाई कराई और कचरा डस्टबिन में भरवाकर कचरागाड़ी में डलवाया साथ ही चालानी कार्यवाही कर जुर्माना भी कराया ताकि आगे से इस प्रकार गंदगी फैलाने की स्थिति निर्मित न हो। व्यापारी स्वयं इस बात की चिंता करें की इनके ग्राहक खाने पीने के बाद उपयोगित दोना, ग्लास, कप डिस्पोजल आइसक्रीम डंडी आदि यहां वहां न फेके बल्कि डस्टबिन में ही डालें। उन्होंने कटरा बाजार में कपड़ा व्यवसायी सहित कुल 9 व्यापारियों की दुकान के आसपास कचरा पाये जाने पर कुल 6500 रूपये के जुर्माने की कार्यवाही कराई। विनोद रैकवार पर 500 रुपए, सत्या डोसा पर 2000 रुपए, अर्बन शोरूम पर 500 रुपए, नायक किरना पर 500 रुपए, शर्मा आइसक्रीम पर 500 रुपए, वीरेंद्र ठाकुर पर 500 रुपए, निश्चल पर 500 रुपए, आइसक्रीम पार्लर पर 1000 रुपए और मनोहर पर 500 रुपए का जुर्माना कर आगे से गंदगी न फैलाने व स्वच्छ सर्वेक्षण में अपना सहयोग देने हेतु समझाईस दी गई।



निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कटरा में बंद हो चुकी दुकानों के सामने पड़े कचरे को स्वयं उठाकर देखा और कचरा खुद बोलेगा मैं किसका हूँ अभियान के तहत कचरे से फेकने वाले की पहचान कराई व जुर्माना करने के निर्देश दिये। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा की व्यवसायिक क्षेत्रों में दिन में दो और तीन बार रोड स्वीपिंग की जा रही है। कचरा गाड़ी दुकान दुकान डोर टू डोर पहुंचकर आपके कचरे का संग्रहण कर रही है। यदि कचरा गाड़ी किन्ही कारणों से कभी देरी से आपके द्वार आती है या नहीं पहुंचपाती है तो आप अपना कचरा अपनी दुकान में रखे डस्टबिन में ही रखा रहने दें।

देर रात्रि दे सकें तो ठीक अन्यथा अगले दिन कचरा गाड़ी में ही दें। दुकानदार अपने कचरे को खुले में रोड पर या नाली में न डालें। इससे नालियाँ चोक होती हैं सड़कों पर गंदगी फैलती है आप नागरिकों को ही असुविधा का समाना करना पड़ता है और हमारे सागर की स्वच्छता प्रभावित होती है। रात के समय देखने में भी हमारा पूरा शहर साफ स्वच्छ चकाचक दिखाई दे इसके लिए नागरिकों और निगमकर्मियों का सामूहिक प्रयास व सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा की नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभायें और स्वच्छता से जुड़ी कोई भी समस्या है तो स्वच्छता ऐप के माध्यम से या निगम में सम्पर्क कर उस समस्या को हल करायें नगर निगम प्रशासन सदैव नागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रतिब्ध है।

## सड़क पर मौत बनकर दौड़ रहे बेलगाम ट्रक, दो परिवारों में पसरा मातम

# शादी की खुशियों पर सड़क हादसों का कहर, दो की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शादी समारोह की खुशियों में शामिल होने के लिये घर से निकले वाईक सवारो को क्या पता था कि जिस रास्ते का बो इस्तेमाल कर रहे है, उस रास्ते पर तो आगे मौत ख़डी है। जिले में हुए दो दर्दनाक सड़क हादसों ने शादी समारोह की खुशियों को पलभर में मातम में बदल दिया। शादी की रस्मों और समारोह में शामिल होने निकले दो युवकों की ट्रकों की टक्कर से मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसों के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांवों में शोक का माहौल व्याप्त हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार फरियादी शिवचरण रैकवार निवासी कारी अगोर की टपरियन ने थाना देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी नातिन गंगा की शादी 5 मई को ग्राम प्रतापपुरा थाना बल्देवगढ़ में हुई थी। शुक्रवार सुबह परिवार, नातिन गंगा को ससुराल से वापस लेकर अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान हरिजन बस्ती तिगैला, ग्राम पपावनी आम रोड पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 36 एच 1106 ने मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 36 एमक्यू 4957 को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार संतोष रैकवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर में उनका शरीर गंभीर रूप से क्षत-विक्षत हो गया। वहीं बाइक पर पीछे बैठे नारायण रैकवार और कुनाल पंडित गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल टीकमगढ़ भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही बल्देवगढ़ थाना प्रभारी मुकेश शाक्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी बल्देवगढ़ भेजा गया। शादी के महज 10 दिन बाद हुए इस हादसे से पीड़ित परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



### शादी समारोह में जा रहे युवक की मौत, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

वहीं दूसरी घटना में जिला छतरपुर के थाना वमनोरा अंतर्गत ग्राम अमरवा निवासी 35 वर्षीय इंदरनाथ अपने 25 वर्षीय साथी ज्ञान पिता द्वारका नाथ के साथ बुधवार रात एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान टीकमगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठा जटऊआ के पास शाहगढ़ रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में इंदरनाथ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ज्ञाननाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक बीच सड़क पर खड़ा रह जाने से यातायात बाधित हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर मोटरसाइकिलें रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में कोतवाली टीआई रवि भूषण पाठक तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला, जिससे लंबा जाम नहीं लग सका। कोतवाली प्रभारी द्वारा घायल ज्ञाननाथ को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर पुलिस लाइन में खड़ा करा दिया है।



मौसम विभाग ने लू का अलर्ट किया जारी

# भीषण गर्मी का कहर: दिन में सूनी व रात में व्यस्त हुईं सड़कें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में प्रतिदिन लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। पिछले चार दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। जिसकी बजह से अब दिन के समय तो सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है, जबकि रात के समय यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में 21 प्रतिशत आर्द्रता रही, जबकि हवाएं लगभग 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रहीं। बढ़ते तापमान के कारण अब दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म होने लगी हैं। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम 26.5 डिग्री था। बुधवार को तापमान बढ़कर अधिकतम 43.5 डिग्री और न्यूनतम 27.5 डिग्री पहुंच गया, जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम 27.02 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं सोमवार 18 मई तक अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिससे गर्मी का प्रकोप और बढ़ने की आशंका है।

तेज धूप के कारण सुबह 10 बजे के बाद ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं। दोपहर 12 बजे के बाद बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही काफी कम हो जाती है। गर्मी के चलते लोग दिन में बाहर निकलने से बच रहे हैं और रात के समय जरूरी कार्यों के लिए निकलना पसंद कर रहे हैं।

### डॉक्टर लगातार दे रहे बचाव की सलाह

गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ अमित शुक्ला ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक धूप और गर्म हवाओं से बचना बेहद जरूरी है। केवल आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। बार-बार पानी और शीतल पेय पदार्थों का सेवन करें तथा सिर और कान को कपड़े से ढककर रखें। छोटे बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की भी सलाह दी गई है।



# सेना भर्ती की तैयारी शौर्य संकल्प योजना से होगी अब आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

युवाओं में साहस, आत्मनिर्भरता और देशभक्ति की भावना विकसित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिले में शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना का शुभारंभ किया गया। आजीविका मिशन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

**प्रशिक्षण योजना का हुआ शुभारंभ, 100 युवाओं को मिलेगा आवासीय प्रशिक्षण**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के माध्यम से शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना प्रारंभ की गई है। योजना के माध्यम से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बही भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि टीकमगढ़ के ओबीसी युवाओं के लिए यह शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 एक सुनहरा अवसर है। अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सेना और सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करने के उद्देश्य से ये ऐतिहासिक पहल की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के कौशल विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर संकल्पित है। इस योजना से हमारे क्षेत्र के प्रतिभावान युवाओं को देश सेवा में जाने का बेहतर अवसर मिलेगा। इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय होगा। इसमें युवाओं को शारीरिक दक्षता के साथ-साथ सैद्धांतिक विषयों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# पीएम केयर्स बच्चों से मिले कलेक्टर श्रोत्रिय

**बाल संरक्षण सेवाओं की समीक्षा बैठक कर दिए गये सख्त निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और उनके सर्वांगीण विकास को लेकर प्रशासन ने गंभीर पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित बाल संरक्षण सेवाओं, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं विभिन्न विभागों के समन्वय से बाल हितैषी वातावरण तैयार करने संबंधी विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि जिले में सर्वे कर निराश्रित एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को चिन्हित किया जाए और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने बालगृहों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि वहां सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध रहें तथा महिलाओं की सहायता के लिए महिला स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों, जिन्हें विशेष संरक्षण एवं मार्गदर्शन की आवश्यकता है, उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए और शासन की विभिन्न हितग्राही योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। बैठक के प्रारंभ में जिला बाल संरक्षण अधिकारी उदल सिंह द्वारा जिले में संचालित बाल संरक्षण गतिविधियों, पीएम केयर्स स्पॉन्सरशिप योजना से लाभान्वित बच्चों की स्थिति, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संबंधी कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में बाल श्रम उन्मूलन, स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत विद्यालय छोड़ चुके बच्चों की पहचान एवं पुनः नामांकन, किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण तथा सुरक्षा एवं आपात सहायता तंत्र को मजबूत किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित विभागों को बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई एवं बेहतर विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक से पूर्व कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पीएम केयर्स योजना से लाभान्वित बच्चों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना और उनकी पढ़ाई, रुचियों, करियर विकल्पों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की। कलेक्टर ने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने तथा जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशासन द्वारा मिल रहे सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, नगर पालिका, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### तालाब की सीढ़ियों पर पानी में घंटों पड़ा रहा शराबी

टीकमगढ़। जिले के दिगौड़ा कस्बा के तालाब की सीढ़ियों पर शुक्रवार को एक व्यक्ति शराब के नशे में कई घंटों तक बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। राहगीरों ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह बाहर निकलने को तैयार नहीं हुआ और लोगों के साथ अभद्रता करने लगा। स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने पुलिस बल को मौके पर भेजा। पुलिस ने तालाब की सीढ़ियों पर पड़े व्यक्ति को समझाइश देकर बाहर निकाला और थाने ले गई। पूछताछ में उसने बताया कि वह कारी गांव का निवासी है और अपनी रिश्तेदारी में धामना गांव आया हुआ था। व्यक्ति ने बताया कि दिगौड़ा में उसने शराब पी ली थी। तेज धूप और गर्मी के कारण उसे अधिक नशा चढ़ गया, जिससे चलते समय चक्कर आने लगे। इसी दौरान वह तालाब की सीढ़ियों पर जाकर लेट गया और बेहोश हो गया। उसने कहा कि इसके बाद उसे कुछ याद नहीं और पुलिस आने पर ही होश आया।

# वर्दी की गरिमा व जिम्मेदारी समझें अधिकारी-कर्मचारी: एसपी मंडलोई

**बैठक में दिया सख्त संदेश, अधिकारियों कर्मचारियों को चेताया, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में सख्त अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुये पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, जवाबदेही और ड्यूटी के प्रति गंभीरता का कड़ा संदेश दिया। बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में समयपालन और जिम्मेदारी से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

उक्त बैठक के दौरान एसपी मंडलोई ने कहा कि पुलिस बल की वास्तविक पहचान उसकी अनुशासित कार्यशैली और जिम्मेदार उपस्थिति से होती है। परेड, ब्रीफिंग एवं अन्य विभागीय गतिविधियों में सभी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल पर समयानुसार उपस्थित रहकर पूरी सतर्कता और गंभीरता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। एसपी मंडलोई ने बिना सूचना अनुपस्थित रहने, ड्यूटी में लापरवाही बरतने तथा विभागीय आदेशों की अनदेखी करने वाले कर्मचारियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारियों को भी निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा ड्यूटी में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। बैठक में एसपी मंडलोई ने कहा कि जनता का विश्वास केवल वही पुलिस बल जीत सकता है, जो अनुशासित, जिम्मेदार और संवेदनशील हो। प्रत्येक कर्मचारी को अपनी वर्दी की गरिमा को समझते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अब तक 12 आरोपी गिरफ्तार, 445 किलो अफीम और 86 किलो गांजा जब्त

# एसपी की सख्ती, नशीले नेटवर्क का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की सतत निगरानी व निर्देशन में वर्ष 2026 में टीकमगढ़ पुलिस द्वारा लगातार व्यापक और सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप नशा मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने लगातार दबिश देकर नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसा है। अब तक की कार्रवाई में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अफीम और गांजा बरामद किया गया है।

### प्रदेश से मिले निर्देशों को गंभीरता से लेकर थानो को दिया लगातार



मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में प्रदेशभर में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला तथा उप पुलिस महानिरीक्षक विजय खत्री के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए थे। पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के पर्यवेक्षण में वर्ष 2026 के दौरान जिलेभर में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से रेड कार्रवाई करते हुए कई मामलों का खुलासा किया।

### 445 किलो अफीम जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में जिले में अफीम के बिरुद्ध पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्वाईयो में दो आरोपियों से लगभग 445 किलो अफीम बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत लगभग 47 लाख 93 हजार रुपये आंकी गई है। इस मामले में दो अलग-अलग एनडीपीएस प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की बरामदगी जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है।

### 10 आरोपियों से 86 किलो गांजा बरामद

इसी प्रकार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वर्ष 2026 में गांजा को लेकर अब तक की गई अलग-अलग कार्यवाहियों में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे एवं अवैध भंडारण स्थलों से लगभग 86 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। कार्यवाहीयों में जब्त किये गये गांजे की अनुमानित कीमत करीब 70 हजार 232 रुपये बताई गई है। जिसमें पकड़े गये सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की गई है।

### गुप्त स्थानों पर छिपाकर रखा जा रहा था मादक पदार्थ

पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी मादक पदार्थों को गुप्त स्थानों पर छिपाकर संग्रहित कर रहे थे। कुछ मामलों में अवैध रूप से मादक पदार्थों की खेती किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस के सक्रिय मुखबिर तंत्र और सतत निगरानी के चलते इन गतिविधियों का खुलासा हो सका। टीकमगढ़ पुलिस द्वारा विकसित मजबूत मुखबिर नेटवर्क के माध्यम से जिले में संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस की विशेष टीमें लगातार सक्रिय रहकर अवैध मादक पदार्थों के परिवहन, भंडारण और बिक्री से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटा रही हैं।

### नशा मुक्त समाज हमारी प्राथमिकता

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि जिले को नशा मुक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता और सतर्कता के साथ कार्य कर रही है। अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह अभियान और अधिक सख्ती एवं व्यापक स्तर पर जारी रहेगा।

# संकट में सहारा बनी डायल-112 घायल को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़।




आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता एवं संवेदनशील व्यवहार ही पुलिस सेवा की वास्तविक पहचान होती है। उक्त संदेश जिले के समस्त थानो को लगातार देते हुये पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने अपने थाना क्षेत्रों में आमजन को आपातकालीन स्थिति में तत्काल, प्रभावी और मानवीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। इसी दिशा में थाना चंदेरा क्षेत्र में डायल-112 टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार थाना चंदेरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नुना में पारिवारिक विवाद के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद घायल की स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी और उसे तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। इसकी सूचना 14 मई की सुबह लगभग साढ़े 10 बजे डायल-112 एफआरव्ही वाहन को प्राप्त हुई।

सूचना मिलते ही डायल-112 टीम बिना किसी देरी के मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचे डायल-112 जवान आरक्षक दिनेश अहिरवार एवं पायलट सुंदरम यादव ने गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की स्थिति को देखते हुए तत्काल संवेदनशीलता और सक्रियता का परिचय दिया। पुलिस टीम ने घायल को एफआरव्ही वाहन के माध्यम से तत्काल शासकीय अस्पताल चंदेरा पहुंचाया, जहां उसका उपचार शुरू कराया गया। पुलिस की तत्परता के चलते घायल व्यक्ति को समय पर उपचार मिल सका। वर्तमान में घायल का इलाज जारी है तथा मामले में थाना चंदेरा पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिलेभर में लगातार यह संदेश दिया जा रहा है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि संकट की घड़ी में आमजन की मदद करना भी पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी सोच के तहत टीकमगढ़ पुलिस द्वारा आपातकालीन सेवाओं को अधिक संवेदनशील और प्रभावी बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## दो साल पहले अमृत 2.0 योजना के तहत चिन्हित हुए थे 8 कुएं 3 बावडिया

# प्रशासन से सीख लेती नगर पालिका परिषद तो झेलना नहीं पड़ती जिल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कम लागत में बेहतर और आकर्षक काम कैसे कराया जा सकता है इसकी बानगी इन दिनों कलेक्टर शीला दाहिमा के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुराने जलाशयों के स्वरूप को निखारने के लिए चलाया जा रहा अभियान है, जहां नाम मात्र का पैसा खर्च कर इन जलाशयों को दार्शनिक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है. वहीं दूसरी और 2 साल पहले 2.0 अमृत योजना के तहत नगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए की योजना के तहत आठ कुए और तीन बावड़ियों के जीर्णोद्धार अभियान है जो शुरू होते ही भारत सरकार के इंजिनियरों ने अनुपयोगी बताकर बंद करा दिया था.

कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जल गंगा समवर्धन अभियान के तहत इन दिनों पुराने जलाशयों के जीर्णोद्धार के साथ-साथ उन्हें आकर्षक लुक देने का काम किया जा रहा है. जो कुए बावड़यिा अतीत बनती जा रही है उन्हें नया लुक देकर संवारने का काम इन दिनों जिला प्रशासन ग्राम पंचायतों के माध्यम से करा रहा है. इस काम में जनप्रतिनिधि और समाजसेवी सहयोग कर रहे हैं सब के सहयोग से चल रहे इस अभियान में श्योपुर जिला ऐतिहासिक विरासतों को सहेज कर रखने, संभालने और संवारने में प्रदेश के अन्य जिलों में कहीं अधिक सक्रिय दिखाई पड़ रहा है लोगों का कहना है कि जिस तरह प्रशासन इस समय जलाशयों को स्वरूप को निखारने का काम कर रहा है अगर उससे आधा भी नगर पालिका ने किया होता तो शहर के आठ कुए और तीन बावडियां इस समय न सिर्फ लोगों की प्यास बुझाते बल्कि दार्शनिक स्थल के रूप में तब्दील भी हो गए होते।



### संरक्षण के बजाए औपचारिकता निभाई

अमृत 2.0 योजना के तहत जिन जलाशयों का चयन किया गया था उनमें पीने के पानी की व्यवस्था को पुनर्जीवित करना था साथ ही इन जलाशयों को इस तरह विकसित करना था कि लोगों को पीने का पानी तो मिले ही साथ ही यह जल संरचनाएं पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो सके पर जिस ठेकेदार को नगर पालिका ने काम दिया उसने न तो जल संरक्षण को लेकर कोई काम किया और न ही ऐसे प्रबंध किए जिससे इन जलाशयों को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। अलबत्ता बावड़ियों की चूने पुताई कर उन्हें बदरंग जरूर कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर श्योपुर पहुंचे भारत सरकार के इंजीनियरों ने तत्काल काम कर बंद करवा दिया।

### विकसित नहीं हो सकी बीबीजी और काजीजी की बावड़ी

योजना के तहत जीर्णोद्धार के लिए शहर में 3 बावडियां का चयन किया गया था उनमें उत्कृष्ट विद्यालय में मौजूद काजी जी की बावड़ी और बीबी जी की बावड़ी सहित शीतला पाड़ा की बावड़ी शामिल थी। इसके साथ ही 7 कुएं भी चिन्हित किए गए हैं। इन 10 जलसंरचनाओं को फिर से नया जीवन दिया जाना था, ताकि भविष्य में लोगों को शुद्ध जल सहज मिल सके। हालांकि इस योजना पर लगभग 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाने थे लेकिन घटिया काम की शुरुआत देखते हुए भारत सरकार पूरा फंड वापस ले लिया। जिस बीबी जी की बावड़ी को मीरा रमेश गर्ग की परिषद ने तत्कालीन कलेक्टर एसएन रूपला के मार्गदर्शन में पर्यटक स्थल से रूप में विकसित किया था वो धरोहर ठेकेदार की लापरवाही से फिर विकसित हुए बिना रह गई। परेशानी यह भी आ रही है कि इन्में अमृत 2.0 योजना से जोड़ लेने के बाद जल गंगा समवर्धन अभियान के तहत काम भी नहीं कराया जा सकता है.

### जानकारी नहीं

अमृत 2.0 योजना के तहत जिन कुए और बावडी का चयन हुआ था और उनमें क्या काम हुआ है इस बारे में तब यहां पदस्थ सीएमओ बता सकते हैं वह काम मेरे आने से पहले हुआ था मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है.

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

## कूनो पार्क प्रबंधन टेलीमेट्री सिस्टम से रख रहा चीतों पर नजर

# 2 चीते और छोड़े गए जंगल में अब खुले जंगल में हो गए 16 चीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।




कूनो नेशनल पार्क में शुक्रवार को दो और बोत्सवाना की मादा चीता को खुले जंगल में छोड़ दिया गया है। जबकि एक मादा चीता को बुधवार को छोडा गया था। इसके साथ ही अब कूनो के खुले जंगल में विचरण करने वाले चीतों की संख्या 14 से बढ़कर 16 हो गई है।

चीता परियोजना के फील्ड डायरेक्टर द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, शुक्रवार को दोनों मादा चीतों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत बाडो से खुले जंगल में छोड़ा गया। इनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखने के लिए एडवांस रेडियो टेलीमेट्री सिस्टम और विशेष फील्ड टीमें तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी चीते पूरी तरह स्वस्थ हैं और जंगल के वातावरण में अच्छी तरह ढल रहे हैं। कुनो नेशनल पार्क में अफ्रीकी चीतों को बसाने की परियोजना लगातार आगे बढ़ रही है। यहां बता दे कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कूनो नेशनल पार्क में आकर दो चीतो को खुले जंगल में छोडकर गए थे,उसके बाद 13 मई को भी एक मादा चीता को सफलतापूर्वक जंगल में छोड़ा गया था। वन विभाग और चीता मॉनिटरिंग टीम चीतों की सुरक्षा, भोजन और मूवमेंट पर विशेष ध्यान दे रही है। पिछले कुछ महीनों में कई चीतों को बड़े बाड़ों से निकालकर खुले जंगल में छोड़ा गया है ताकि वे प्राकृतिक परिस्थितियों में खुद को विकसित कर सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार सफल मॉनिटरिंग और अनुकूल वातावरण के चलते कुनो में चीता पुनर्स्थापन परियोजना को मजबूती मिल रही है।

# 43 डिग्री तापमान में आराम छोड़ अनजान के लिए रक्तदान करने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों को दूर करने और रक्त दान के प्रति जागरूकता फैलाने में स्वयंसेवी संस्थाएं किस तरह सफल हो रही है इसकी बानगी इन दिनों जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में देखने को आए दिन मिल रही है जहां अनजान के लिए लोग एक ही कॉल पर रक्तदान करने पहुंच जाते हैं ऐसी ही बानगी शुक्रवार को तब देखने को मिली जब जरूरत लोगों के लिए अलग-अलग ग्रुप का रक्तदान करने के लिए तीन रक्तदान दाताओं ने भरी दुपहरी में अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया।

किसी ने सोशल मीडिया पर सूचना डाली थी कि तीन लोगों की जान बचाने के लिए बी पॉजिटिव एवं ओ पॉजिटिव तथा एक पॉजिटिव रक्त की सख्त जरूरत है सूचना मिलने पर आकाश नायक जिनका रक्त बी पॉजिटिव है ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया. वहीं मनोज यादव (कुणाल) जिनका ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव है तथा नरेंद्र सिंह भदौरिया जिनका ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव है, ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया. खास बात यह रही की जिस समय यह तीनों युवा रक्तदान करने पहुंचे तब भीषण गर्मी पड़ रही थी दोनों युवकों ने गर्मी लू लपट की चिंता किए बगैर अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया.बता दें कि तीनो रक्तदानदाता राजा भैया मित्र मंडल से जुडे सदस्य है और इस मित्र मंडल से जुडे कार्यकर्ता लगातार रक्तदान जागरूकता के लिए कार्य करते रहते हैं.



## शहर में हानिकारक केमिकल बने लोगों की जान के दुश्मन

# तरबूज खाने से पिता की मौत, बेटे की हालत गंभीर





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शुक्रवार की सुबह तरबूज खाने से पिता पुत्र की हालत बिगड़ गई. इलाज के दौरान जहां पिता की मौत हो गई वहीं बेटा जिंदगी मौत के बीच जिला अस्पताल में संघर्ष कर रहा है.

जानकारी के अनुसार बंजारा डैम के ऊपर जैदा रोड पर एक पोलिट्री फार्म पर भाड़े पर गाड़ी चलाने का काम करने वाले इंदर सिंह परिहार (43) एवं उनके 21 वर्षीय बेटे विनोद परिहार ने सुबह 6 बजे के करीब तरबूज खाया था. तरबूज खाने के बाद दोनों के सीने में जलन होने की शिकायत हुई परिवार के लोग उन्हें जिला अस्पताल लेकर आए जहां पिता की तबीयत अधिक खराब होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज कोटा के लिए रेफर कर दिया परिजन उसे इलाज के लिए कोटा ले भी जा रहे थे लेकिन खातौली के पास ही उसकी मौत हो गई. इटावा राजस्थान हॉस्पिटल में परीक्षण कराने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. उधर बेटे की हालत भी खराब बनी हुई हैं डॉक्टरों ने विनोद की खराब हालत को देखते हुए देर शाम तक आईसीयू में जीवन रक्षक उपकरणो पर रखे रखा. मृतक परिवार सहित जैदा रोड पर पोलिट्री पर निवास करता हैं वह सुसनेर आगर जिले के रहने वाले हैं. अस्पताल प्रबंधन की जानकारी के बाद पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है.

### खाद्य सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

तरबूज खाने से हुई मौत के बाद अब खाद्य सुरक्षा को लेकर भी प्रश्न उठने लगे हैं लोगों का कहना है कि भारी भरकम वेतन पर श्योपुर जिले में खाद्य सुरक्षा इंस्पेक्टर नियुक्त है और उनके साथ पूरा अमला मौजूद है लाखों रुपए का वेतन हर माह प्राप्त करने वाले यह अधिकारी जांच के नाम पर कहां सैंपल उठाते हैं कहां जांच के लिए भेजते हैं इसकी पोल इस मौत के बाद खुल गई है खाने पीने की चीजों में मिलावट होने से लोग सेहतमंद होने के बजाय कुपोषित होने और मौत की ओर जा रहे हैं और इसे रोकने वाली एजेंसी सिर्फ सैंपल उठाकर समाचार पत्रों में खबर छपवा कर वाहवाही लूटने का काम कर रही है।

# घर-घर योग हर व्यक्ति निरोग अभियान संचालित



**श्योपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को दृष्टिगत रखते हुए श्योपुर जिले में कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा घर-घर योग हर व्यक्ति निरोग अभियान संचालित कर योग अभ्यास किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि जिला स्तर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बगवाज, पाण्डोला, सूसवाडा, इकलौद, सोठवा एवं कराहल में गत 11 मई से प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक योग प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि नजदीकी शिविरों में पहुंचकर योग की विभिन्न क्रियाओं एवं आसनों के संबंध में अभ्यास कर सकते है

### बडौदा में युवा संगम रोजगार मेला 22 को

**श्योपुर।** कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सूक्ष्म लघु एवं मध्यम विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन नगर परिषद बडौदा में 22 मई को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। एमएसएमई, रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार अप्रेटेशिप में विभिन्न कंपनियों द्वारा सेल्समैन, ऑफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग क्षेत्र, ऑटो मोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी।

# दुकान में घुसकर दुकानदार को पीटा बचाने दौड़ी पत्नी को भी धुन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

विजयपुर के बाजार में कपडे की दुकान लगाने वाले एक दुकानदार की नामजद आरोपियों ने दुकान में घुसकर न केवल मारपीट कर दी,बल्कि उसे बचाने के लिए जब पत्नी दौडी तो उसकी भी आरोपियों के द्वारा मारपीट कर दी गई। यह मामला शुक्रवार का है। पुलिस ने दुकानदार की रिपोर्ट पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। विजयपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम बेनीपुरा निवासी देवेन्द्र पुत्र मेघ सिंह धाकड और उसकी पत्नी लक्ष्मी धाकड ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी विजयपुर के बाजार में कपडे की दुकान स्थित है। जब देवेन्द्र दुकान पर बैठा था,तभी तीन लोग पहुंचे और जींस की पेंट दिखाने के लिए कहा,इस पर देवेन्द्र बोला कि अभी पेंट खत्म हो गई, एक दो दिन में आ जाएगी। इसी बात पर इनका विवाद हो गया। विवाद के दौरान अन्नू उर्फ अरविंद धाकड निवासी गढी, पंकज धाकड,आशु धाकड, प्रदीप धाकड, अमन धाकड निवासी उमरी ने मिलकर देवेन्द्र की मारपीट कर दी,जब देवेन्द्र को बचाने के लिए उसकी पत्नी लक्ष्मी दौडी तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी।

## कराहल के बाद अब विजयपुर में जिम्मेदारों की एक ओर अनदेखी उजागर

# विजयपुर में नियम तार तार, एक प्राचार्य अपने ही स्कूल में केन्द्राध्यक्ष बनकर करा रहा बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल में निलंबित पटवारी के द्वारा बोर्ड परीक्षा कराने जैसी नियम कायदो को तार तार करने वाली लापरवाही तो जिम्मेदारों ने सुधार दी है, लेकिन विजयपुर में बरती जा रही नियम कायदो को तार तार करने वाली लापरवाही को कौन सुधारेगा। क्योंकि विजयपुर में एक प्रभारी प्राचार्य अपने ही स्कूल में केन्द्राध्यक्ष बनकर कक्षा 10 वीं और 12 वीं द्वितीय बोर्ड परीक्षा सम्पन्न करवा रहा है। खास बात यह है कि यह द्वितीय बोर्ड परीक्षा आधी से ज्यादा सम्पन्न हो चुकी है, लेकिन इसके बाद भी विजयपुर के परीक्षा केन्द्र पर नियम कायदो को तार तार करने वाली जो स्थिति बन रही है, वह स्थिति अभी तक किसी भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी को नजर नहीं आई है। जबकि इस स्थिति के कारण न केवल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान खडे हो रहे है,बल्कि जिन प्रशासनिक अफसरों पर परीक्षा जैसे महत्वपूण कार्य की निगरानी की जिम्मेदारी है,उन प्रशासनिक अफसरों की निगरानी पर भी सवाल खडे हो रहे है। इसके साथही विजयपुर के परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा कितनी निष्पक्षता के साथ सम्पन्न हो रही होगी, इसका अंदाजा लगाना भी ज्यादा मुश्किल नहीं है।

दरअसल श्योपुर जिले में कक्षा 10 वीं और 12 वीं की पहली बार आयोजित हो रही द्वितीय बोर्ड परीक्षा पांच परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराई जा रही है। जिनमें एक परीक्षा केन्द्र विजयपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट स्कूल भी शामिल है, जहां अजय समाधिया केन्द्राध्यक्ष बनकर 7 मई से शुरू हुई इस द्वितीय बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न करवा रहे है। विशेष बात यह है कि केन्द्राध्यक्ष बनकर परीक्षा करा रहे अजय समाधिया उत्कृष्ट स्कूल विजयपुर के ही प्रभारी प्राचार्य है। यानि वे अपने ही स्कूल में पढने वाले विद्यार्थियों की द्वितीय बोर्ड परीक्षा आयोजित करा रहे है। जबकि नियम यह है कि कोई भी प्राचार्य या शिक्षक अपने ही स्कूल के विद्यार्थियों का जहां परीक्षा केन्द्र रहता है,वहां ड्यूटी नहीं कर सकता है। मगर विजयपुर के परीक्षा केन्द्र पर उसी स्कूल के प्रभारी प्राचार्य के केन्द्राध्यक्ष बनकर परीक्षा आयोजित कराने की चौकाने वाली स्थिति जिले के किसी भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को नजर क्यो नहीं आ रही है। यह बात भी समझ से परे बनी हुई है।



### कराहल में उजागर हो चुका गंभीर अनदेखी का कारनामा

कराहल स्थित परीक्षा केन्द्र पर गंभीर अनदेखी का जो कारनामा उजागर हुआ है,उससे जिले के जिम्मेदारो को काफी शर्मसार होना पड रहा है। बता दें कि कराहल स्थित परीक्षा केन्द्र पर जिस पटवारी को कलेक्टर प्रतिनिधी बनाकर नियुक्त किया गया था,वह पटवारी फसल मुआवजा वितरण में लापरवाही के चलते निलंबित होने के बाद भी बोर्ड परीक्षा को आयोजित करवाता रहा। जब यह मामला न्यूज चैनलो और अखवारो की सुर्खियां बना,तब जिम्मेदारों ने अपनी नजर कराहल परीक्षा केन्द्र की तरफ दौडाते हुए स्थिति में सुधार करवाया और वहां गुरूवार को डीईओ यश जैन ने पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया।

### परीक्षा केन्द्र में बाहरी व्यक्ति ने घुसकर बनाया वीडियो

खास बात यह है कि विजयपुर स्थित परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में परीक्षा के दौरान बाहरी व्यक्ति के परीक्षा केन्द्र में जबरन घुसना और फिर मोबाइल से वीडियो बना लेने जैसे नजारे भी निर्मित हो रहे है। इसकी शिकायत खुद केन्द्राध्यक्ष अजय समाधिया ने विजयपुर थाने में आवेदन सौंपकर की है। शुक्रवार को विजयपुर थाना प्रभारी के नाम दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि विकास उर्फ भोलू समाधिया के द्वारा परीक्षा केन्द्र के अंदर मोबाइल लेकर घुसकर पर्यवेक्षको और परीक्षार्थियों को भडकाने जैसी स्थिति निर्मित कर रहा है। गत 11 मई को कक्षा 10 की द्वितीय बोर्ड परीक्षा के दौरान भोलू समाधिया ने परीक्षा केन्द्र में घुसकर मोबाइल से वीडियो बनाकर डाला गया।इसके बाद 14 मई को सुबह 11 बजे के आसपास मोबाइल लेकर मेरे कार्यालय में घुस आया और मेरे साथ अभद्रता की गई। विजयपुर थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर ने बताया कि इस तरह का आवेदन आया है,जिसकी जांच की जा रही है।

### इनका कहना...

जो शिक्षक जिस स्कूल का प्राचार्य है, उसे उस स्कूल में बनने वाले बोर्ड परीक्षा केन्द्र का केन्द्राध्यक्ष नहीं बनाया सकता है, ऐसे शासन के नियम है।

**केसी गोयल**
**रिटायर बीईओ श्योपुर**

यदि ऐसा है तो गंभीर यह लापरवाही है,इस मामले की जिला शिक्षा अधिकारी श्योपुर से जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अरविंद सिंह**
**जेडी ग्वालियर**

# भाजयुमो प्रदेश मंत्री ने रीछी में लगाया वाटर कूलर,ठंडे पानी से प्यास बुझा सकेगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं जनपद सदस्य यशप्रताप सिंह चौहान ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी कैलाशवासी माधवीराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम रीछी में वाटर कूलर लगाकर ग्रामीणो को प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी की उपलब्धता की सौगात प्रदान की। इस वाटर कूलर का लोकार्पण शुक्रवार को कराहल तहसीलदार रोशनी शेख ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया। इस अवसर पर ग्राम रीछी के ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस वाटर कूलर के माध्यम से ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी मिल सकेगा। भाजयुमो प्रदेश मंत्री यश प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि उनके क्षेत्र के ग्राम वर्धा खुर्द और मालीपुरा में भी वाटर कूलर लगाए जायेंगे।




### भगवान श्री 1008 शांतिनाथ का भव्य महामस्तीकाभिषेक



**श्योपुर।** शुक्रवार को सकल जेन समाज ने भगवान श्री 1008 शांतिनाथ का भव्य महा मस्तीकाभिषेक एवं निर्माण लाडू महोत्सव मनाया. इस अवसर पर एकत्रित हुए जेन बंधुओ ने महा आरती में भाग लिया.प्राचीन अतिशयकारी श्री 1008 भगवान शांति नाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र में शुक्रवार को ज्येष्ठ वदी चतुर्दशी के पावन अवसर पर भगवान श्री 1008 शांतिनाथ का भव्य महा मस्तीकाभिषेक एवं निर्माण लाडू महोत्सव श्रद्धा भक्ति उल्लास के साथ मनाया गया. सुबह 8:00 बजे से सामूहिक पूजन प्रारंभ हुई सुबह 8:00 बजे से पूजन के पूर्व भगवान का अभिषेक का आयोजन किया गया इसके पश्चात शांति धारा एवंदैनिक पूजन के पश्चात मंडल विधान की पूजन की गई भगवान का भगवान के चरणों में निर्माण लाडू अर्पित कर मोक्ष मार्ग की प्रेरणा ली गई जैन समाज का प्राचीन आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है यहां विराजमान शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा लगभग 1000 वर्ष पुरानी बताई जाती है श्रद्धालुओं का मानना दिव्य प्रतिमा के दर्शन मात्र से आध्यात्मिक शांति प्राप्त का पुण्य प्राप्त होता है। अभिषेक शांति धारा निर्माण लाडू शांतीनाथ मंडल विधान आरती के पश्चात समाज जन का सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। खंडेलवाल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सुरेश जैन गोधा एडवोकेट एवं मंत्री विनोद जैन गोधा मोन्टू के द्वारा सभी समाज जन के प्रति सहयोग के लिएआभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में जयपुर से पधारे पंडित प्रकाश एवं सहायक प्रभात एवं संगीत पार्टी ने महा आरती में भाग लिया।

**खबर संक्षेप**

### कैंप का आयोजन बांसखेड़ी में किया गया

**पिपरई।** विद्युत विभाग के जे ई प्रदीप मंडलोईया ने बताया कि ग्राम बांसखेड़ी में संपर्क अभियान के अंतर्गत हमने कैंप का आयोजन किया जिसमें बिल संबंधित समस्याएनए कनेक्शन हेतु आवेदनएज्यादा रीडिंग आने से ज्यादा बिल की समस्या के संबंध में करीबन 46 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 17 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया एवं शेष आवेदनों को विभाग द्वारा जांच कर उचित कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया।इस मौके पर मुंगावली विद्युत विभाग के ए ई पीसी जैन साहब एवं पिपरई विद्युत मंडल के समस्त स्टाफ मौके पर मौजूद रहे।

### एसडीएम तथा तहसील न्यायालय का किया निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा तहसील ईसागढ़ एसडीएम तथा तहसील न्यायालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

### ग्राम कुलवार में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने तहसील ईसागढ़ के ग्राम कुलवार स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में निर्माणाधीन बालिका शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम त्रिलोचन गौड़ए तहसीलदार रोहित रघुवंशीएनायब तहसीलदार ऋतु परमारए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतएण्पीण्प्रजापति सहित संबंधित उपस्थित थे।

### हैंडलूम पार्क का दल ने किया निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय एवं पदेन अध्यक्ष एसपीव्ही चन्देरी के निर्देश के पालन में गुरुवार को हैण्डलूम पार्क चन्देरी में स्थापित 24 वर्कशेडों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वर्कशेड में स्थापित लूमोंए कार्यशील लूमोंए साफ.सफाईए चन्देरी उत्पादों की गुणवत्ताए चन्देरी वस्त्रों के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के वस्त्रों का विक्रय हैण्डलूम पार्क में नहीं किये जाने के संबंध में निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में एसपीव्ही एवं वर्कशेड संचालनकर्ता के मध्य पारित एमओयू एवं चन्देरी वस्त्रों के अतिरिक्त अन्य प्रकार के वस्त्र विक्रय पाये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध जीआई एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण दल में हाथकरघा कार्यालय चन्देरी से राहुल आनंदए कनिष्ठ सहायक ग्रामोद्योग विस्तार अधिकारीए अनिल सादए तकनीकी सहायकए मण्प्रण हस्तशिल्प विकास निगम से रामेश्वर परिहार एवं एसपीव्ही चन्देरी के प्रतिनिधि मनोज सोनी उपस्थित रहे।

### ग्राम पाठखेडा में जिला प्रशासन का रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से जनसंवाद

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय सहित जिला प्रशासन के अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत पाठखेड़ा में रात्रि चैपाल एवं जलसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। रात्रि चैपाल में कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के हर संबंध निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। रात्रि चैपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मौके पर समाधान किया गया। साथ ही अन्य समस्याओं के निराकरण में समय सीमा निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। रात्रि चैपाल के दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। रात्रि चैपाल के दौरान ग्रामीणों ने डोंगारा से हैदर की बीज रास्ता निर्माण कराये जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने सीईओं जिला पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

### श्री शांतिनाथ भगवान के महामस्तकाभिषेक, निर्माण लाडू अर्पण किया

# धर्म सुनने नहीं, जीवन में उतारने के योग्य साधनाः संदीप सरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



अनेकांत ज्ञान मंदिर शोध संस्थान में आयोजित सप्त दिवसीय श्रुत शिक्षण संस्कार शिविर के अंतर्गत शुक्रवार को भगवान श्री 1008 शांतिनाथ के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर करीब 2 हजार वर्ष प्राचीन अतिशयकारी प्रतिमा का भव्य महामस्तकाभिषेक सम्पन्न हुआ। शिविर नवाचार्य श्री 108 समय सागर महाराज एवं मुनि श्री 108 सरल सागर महाराज के पावन आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है। वही प्राचीन प्रतिमा का मंत्रोच्चारण के साथ बालब्रह्मचारी संदीप सरल भैया एवं ब्रह्मचारी अजय भैया (जयपुर) के मार्गदर्शन में अभिषेक किया गया। इसके पश्चात शांतिधारा एवं पूजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

**श्रद्धा, साधना और आत्म कल्याण का दिव्य माध्यम**

इस अवसर पर संदीप भैया ने भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा के अतिशय एवं अपने आध्यात्मिक अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रतिमा केवल प्राचीन धरोहर नहीं, बल्कि श्रद्धा, साधना और आत्मकल्याण का दिव्य माध्यम है। भैया ने तत्त्वार्थसूत्र के द्वितीय अध्याय के सूत्रों का अत्यंत सरल एवं व्यवहारिक शैली में विवेचन करते हुए जीव के स्वरूप, ज्ञान, उपयोग तथा आत्मा की चेतना को सहज



भाषा में समझाया। उन्होंने धर्म को केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि जीवन में उतारने योग्य साधना बताया।श्रद्धालुओं ने भैया की सरल भाषा, गहन अध्ययन एवं भावपूर्ण प्रस्तुति की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सम्पूर्ण आयोजन भक्ति, ज्ञान एवं आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत रहा। रिटायर्ड रेल कर्मचारी आरके जैन ने बताया नगर महिला मंडल द्वारा अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाकर लगभग 16 किलो का भव्य निर्माण लाडू भगवान शांतिनाथ को अर्पित किया गया। विभिन्न प्रकार के लाडुओं से सुसज्जित यह निर्माण लाडू श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह का अद्भुत प्रतीक बना रहा। महिला मंडल की धर्मभावना एवं समर्पण की सभी श्रद्धालुओं ने सराहना की।

### 346 पाव व 2 लाख की बाइक जब्त

## पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा, दूसरा हुआ फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

अवैध शराब का परिवहन करने वालों पर पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाही की जा रही है। पुलिस ने 15 दिन के अंदर चौथी कार्रवाई करते हुए। ग्राम मुढिया नायक रोड से 31 हजार रूपए की देशी एवं अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी को पकडा हैं। वहीं दूसरा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने 346 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब के साथ 2 लाख रूपए कीमती बाइक भी जब्त की है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि डबल फाटक से 2 लडके एक बाइक से बोरी में भरकर अवैध शराब ला रहे है। सूचना मिलते ही स्टाफ को मुढिया नायक रोड पर भेजा गया। मौके से संदिग्ध बाइक को देखकर रोका गया, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। तो पीछे बैठा युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। वहीं बाइक चला रहे युवक को पकड़ लिया गया। पकडे. गए युवक से पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर उसने अपना नाम प्रथम पिता सतीश अग्निहोत्री निवासी नरसिंह मंदिर बीना होना बताया। वहीं मौके से फरार हुए युवक का नाम केशव पटेल कनकटा, बिट्टू बीना बताया।

पूछताछ के बाद जब उसके पास मिली बोरी की तलाशी ली गई तो उसमें 7 खाकी कलर के कार्टून मिले। कार्टून की तलाशी लेने पर 4 कार्टून में 49-49 पाव अंग्रेजी 196 पाव, प्रत्येक पाव 180 एमएल, कुल कीमत 19 हजार 600 एवं 3 कार्टून में 50-50 पाव देशी मदिरा प्लेन के 150 पाव मिले। जिसकी कीमत 11 हजार 250 रूपए यानी कुल 346 पाव 62.280 लीटर अवैध शराब, कीमत 30 हजार 850 की है।

**कब-कब पकड़ी गई**

- 30 अप्रैल को पुलिस ने रेलवे अंडरब्रिज के पास कार से 600 पाव 108 बल्क लीटर अवैध शराब परिवहन करते हुए एक आरोपी को पकड़ा था।
- 5 मई को पुलिस ने एक लोडिंग आटो से परिवहन की जा रही 7 पेटी अंग्रेजी एवं देशी अवैध शराब के साथ 2 आरोपियों को पकड़ा था।
- 10 मई को पुलिस ने शब्दापाली पुलिया के पास से बाइक पर लाई जा रही 400 पाव अंग्रेजी एवं देशी अवैध शराब के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

# नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ एनएसयूआई ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कांग्रेस ने नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ नाराजगी जताकर विरोध किया और एनएसयूआई ने मांग की है कि नीट परीक्षा रदद होने का मामला छात्रों के भविष्य से जुड़ा हैए इसे गंभीरता से लिया जाए और इस सम्पूर्ण मामले की न्यायिक जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज से कराई जाए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहए अशोकनगर विधायक हरिबाबू रायएएनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सचिन त्यागी कांग्रेस नेता अशोक शर्मा के द्वारा नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और एनटीए के अध्यक्ष प्रदीप जोशी के खिलाफ प्रेस वार्ता कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि देशभर में लगभग 22 लाख छात्र.छात्राएं प्रतिवर्ष नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी करते हैं लेकिन प्रतिवर्ष परीक्षा रद्द हो जाने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में अटक जाता है जो छात्रों के हितों के खिलाफ है। एनएसयूआई के अशोकनगर जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने बताया कि नीट की परीक्षा में हर वर्ग का छात्र प्रतिभागी के रूप में शामिल होता है लेकिन अमीर लोगों के बच्चों को अच्छे नंबर से पास करवाने के उद्देश्य से शिक्षा माफिया द्वारा प्रतिवर्ष नीट का पेपर लीक करवा दिया जाता है और बाद में परीक्षा ही रद्द हो जाती है हमारी मांग है की अमीरों के अलावा जो बच्चे गरीब वर्ग से आते हैं और बड़ी मेहनत एवं लगन से नीट की साल भर तैयारी करते हैं तैयारी के बाद जब परीक्षा केंद्र पर पहुंचते हैं तो पता चलता है कि पेपर रद्द हो गया है यह छात्र.छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को खराब करता है एवं छात्र इस कारण से अवसाद में चले जाते हैं जिससे मेडिकल फील्ड में अच्छे डॉक्टर की कमी बनने की संभावना है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि एक तरफ मोदी जी कहते हैं कि अमृतकाल चल रहा है और दूसरी ओर छात्रों और युवाओं की भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। विधायक हरी बाबू राय ने कहा इतना तो बच्चों का डाईपर लीक नहीं होता इतनी बार बीजेपी की सरकार में पेपर लीक हो चुका है। पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सचिन त्यागी ने कहा कि मीडिया के माध्यम बीजेपी का कार्यकर्ता दिनेश बिवाल की फैमिली में पिछले साल 5 लोगों का नीट में सिलेक्शन हुआ था न जाने ऐसे कितने केस होंगे। मैने देखा देखा है कि जब बच्चे छात्र पेपर देने जाते हैं तो स्टेशन के बाहर होटल लेने के उनके पास पैसे नहीं होती तो वह बच्चे प्लास्टिक विचार कर प्लेटफार्म पर सोते हैं और वही बच्चे सुबह उठकर पेपर देने जाते हैं क्योंकि उनके पास पैसे नहीं होते हैं होटल लेने ऐसे लाखों लोग हैं जो इस तरीके से संघर्ष करते हैं और बाद में पता चलता है कि पेपर लीक हो गया और एक सेकंड में उनका सपना टूट जाता है उम्मीदें खत्म हो जाती है। हमारी मांग है कि मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं एनटीए के अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे। कांग्रेस नेता अशोक शर्मा ने कहा कि बीजेपी नौकरी देने का दिखावा मात्र करती है और बाद में पेपर लीक हो जाता है और नौकरी देने से बच जाते हैं इनकी एक प्रक्रिया का हिस्सा है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी विवेक कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अब्बा और सौरभ निवासी मंदसौर मिल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल कॉलोनी निवासी हेमन्त रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अवधेश और गौरव रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयापुरा चंदेरी निवासी सीताराम कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल मोगिया और मुन्नू कौली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भैंसा निवासी अंकित रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल और राजकुमार रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजकुमार रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजेश और अविनाश रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झागर चक्क निवासी रविन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामजीतए सुरजीतए रंजीत और निखिल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# मोबाइल न दिलाने पर नाराज युवक ने फांसी लगाने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

**पुलिस की तत्परता से बची जान**



जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर सेहराई थाने के अंतर्गत एक युवक ने मोबाइल न दिलाने पर नाराज होकर अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाने का प्रयास किया। जैसे ही डायल 112 को सूचना मिली तब सेहराई पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस की तत्परता से युवक की जान बच गई।

घटना 14 मई की सुबह 08ण्00 बजे कि हैए डायल.112 पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अर्सेन तलैया निवासी पहाड़ सिंह आदिवासी उम्र 18 वर्ष अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर रस्सी से फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही डायल.112 पर ड्यूटी में उपस्थित आरक्षक सुनील बघेल द्वारा तत्काल थाना प्रभारी सेहराई को अवगत कराया गया।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सेहराई द्वारा तत्काल सउनि० गोपाल सिंह कुशवाह एवं आरक्षक सुनील बघेल को मौके पर रवाना किया गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा कि युवक कमरे के अंदर बंद था एवं आत्मघाती कदम उठाने की स्थिति में था। पुलिस टीम द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक को लगातार समझाइश दी गई तथा विश्वास दिलाया गया कि उसकी समस्याओं का उचित निराकरण किया जाएगा एवं परिवारजन भी उसका सहयोग करेंगे। पुलिस एवं परिजनों की समझाइश के बाद युवक ने कमरे का दरवाजा खोल दिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसकी बात परिवारजन नहीं मान रहे थे तथा मोबाइल फोन दिलाने से मना करने पर वह गुस्से में आकर यह कदम उठाने जा रहा था। पुलिस द्वारा समझाने पर युवक शांत हुआ तथा भविष्य में कोई गलत कदम नहीं उठाने का आश्वासन दिया। पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही से एक युवक की जान बचाई जा सकीए जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

**जिले में बढ़ रही है फांसी लगाने की घटनाएं** जिसे देखो वही फांसी लगाकर आत्मघाती कदम उठा रहा है नाबालिग और या बालिग पति हो या फिर पत्निए जरा जरा सी बातों में फांसी लगाने की घटनाएं की जा रही हैं। अधिकांश लोग अपने घरों के कमरों में लगे पंखों के कुन्दों से फांसी लगा रहे हैं तो कई घटनाएं पिछले दिनों ऐसी भी आई हैं जिसमें ग्रामीण अचंलों में लोगों ने पेड़ों पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जरा सी बात उन्हें सहन नहीं होती हैए गुस्सा या फिर तनाव या फिर पारिवारिक कलह इन घटनाओं में सामने आ रही है। कई नाबालिगों के साथ घटनाओं के कारण भी अलग अलग निकल कर आ रहे हैं। इस घटना में भी अगर पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो युवक आत्मघाती कदम उठा चुका होता।

**जिले में एक महिला और दूसरे युवक ने अलग अलग कारणों से फांसी लगाई।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत भागवती पत्नि भोलाराम अहिरवार निवासी ग्राम मथाना उम्र 42 वर्ष ने अपने ही घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### बंगला चौराहा और अथाईखेडा में भी मुनि श्री की अगवानी की तैयारियां

# मुनिश्री सुधासागर महाराज का मुंगावली से बहादुरपुर के लिए विहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





सुप्रसिद्ध जैनाचार्य परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ सत्रह पिच्छिका के साथ आज शाम को चैबीस दिनों के मंगल प्रवास के बाद बंगला चैराहे के लिए पद विहार हो गया। आज रात्रि विश्राम बहादुरपुर नगर के पहले गुगौर ग्राम में होंने जा रहा है। परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ का बहादुरपुर कस्बे में कल शुक्रवार को मंगल प्रवेश होगा। ज्ञातव्य है कि परम पूज्य के संघ नगर गौरव पीयूष भैया विराजमान हैं जो ग्रह त्याग कर पहली बार मुनि संघ के साथ नगर में पैदल विहार करते हुए प्रवेश करने जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधा सागर जी ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भइया के मार्ग दर्शन में आगामी दिनों में परम पूज्य के सान्निध्य में भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु बंगला चैराहे समाज खनियांधाना पंच कल्याणक महोत्सव के बाद भव्य शोभायात्रा के साथ बंगला चैराहे स्थित नवीन जिनालय में विराजमान किया जायेगा। इस हेतु बेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का पूरे विधि.विधान के साथ आयोजित किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि बंगला चैराहे समाज के प्रमुख बाबूलाल जैन पूर्व सरपंच मनोज जैन प्रतिमा स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त करने वाले मनोज कुमार मोनू जैन सीमेन्ट रिंकू ओड़ेर सौरव जैन सहित समाज ने पूज्य श्री को श्री फल भेंट किए। इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने अपने निवेदन में कहा कि बंगला चैराहे छोटी सी समाज है। मुख्य चोराह होने का महोत्सव का लाभ सभी को मिलेगा।

इसके पहले परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में विभिन्न कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस दौरान परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि किसी भी संगठन की पहचान उसके कामों से होती है मुंगावली का वीर सेवा दल अपनी सेवाओं के कारण अलग पहचान बनायें रखें है किसी सेवा दल का शताब्दी वर्ष तक पहुंचना उसकी सेवाओं की लम्बी परम्परा को बता रहा। इस दल की विशेषता है कि बुढढा व्यक्ति भी छोर के पीछे लाइन में लगकर अनुशासित तरीके से चलता है। मुंगावली के इस वीर सेवा दल ने अपनी सेवा की परम्परा से देश में अलग पहचान बनाई है और सबसे बड़ी बात यह अगली पीढ़ी को जिम्मेदारी पूरी तरह से सौंपकर आगे नजर भी रखते हैं। सेवा दल के शताब्दी समारोह में कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित।